हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 01 दिसंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

10 समर्थन मूल्य पर खरीदी में आई तेजी, धान का उठाव नहीं



12 चंडीमाता मंदिर, भूतेश्वर नाथ मंदिर का कॉलेज के ...




## खबर संक्षेप

### बैंककर्मी की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बाइक चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी व इमलीभाठा निवासी चंदन कुमार कहार ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को बैंक में ड्यूटी ऑफ होने के बाद करीब 7.30 बजे बाहर आकर देखा तो उसकी बाइक सीजी 06 जीडी 5400 वहां नहीं थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब पीने की सुविधा देने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा देने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ईश्वर ध्रुव नाम का व्यक्ति बस स्टैंड के पीछे वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा द्वारा उपलब्ध करा रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी ईश्वर ध्रुव पिता पांडूराम ध्रव (36 साल) वार्ड 07 कर्रापारा बागबाहरा के खिलाफ कार्रवाई की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह तुमगांव पुलिस ने ग्राम पिरदा में होटल में लोगों को बैठाकर अवैध रूप शराब पीने का सामान उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी श्याम लाल पटेल पिता कुनु राम पटेल (60 साल) ग्राम पिरदा के खिलाफ कार्रवाई कर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



# जिले में हुई बारिश, किसानों की बढ़ी चिंता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे अवदाब के कारण मौसम ने एक बार करवट ली है। इसके प्रभाव से शनिवार को दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे। वहीं नर्रा क्षेत्र में कही कही हल्की माध्यम बारिश हुई। बताया जाता है कि इन दिनों धान की कटाई-मिंजाई चल रही है। मौसम ने धान कटाई व मिंजाई कार्य को प्रभावित किया। फसल खुले आसमान के नीचे है, इसे लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। जैसे ही सुबह बारिश शुरू हुई किसान पॉलीथिन तिरपाल के इंतजाम लग गए। धान को ढंकने के लिए जुटे रहे। किसान अपने घर व कोठार पर धान सुखा भी रहे हैं। शनिवार की मौसम बदलने से किसानों के लिए परेशानी हुई है। इधर, धान खरीदी केंद्र नर्रा और परसुली के कर्मचारी धान को तिरपाल से ढ़कते नजर आए। दिनभर ठंडी हवा चलने से ठिठुरन जैसी हालात रहे। लोग दिन में गर्म कपड़े पहने नजर आए।

### विडंबना: नए रूप एवं नई सुविधाओं के लिए यात्रियों को करना होगा लंबा इंतजार

# अमृत स्टेशन योजना के तहत निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी, तय सीमा में पूरा करना असंभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के तहत शामिल कर लगभग 16 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, किंतु स्टेशन परिसर में किए जा रहे सभी निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहे हैं, इसलिए तय समय में कार्य पूर्ण होने की संभावना कम नजर आ रही है। पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए दिल्ली से ऑनलाइन आधारशिला रखी थी। छत्तीसगढ़ में अमृत भारत स्टेशन के तहत 7 स्टेशनों का चयन किया गया है। इनमें अकलतरा, भिलाई पावर हाउस, बिलासपुर, दुर्ग, महासमुंद और रायपुर स्टेशन शामिल है। इन स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 1459.6 करोड़ की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। रेलवे स्टेशन संबलपुर डिवीजन में पड़ता है। इसके पुनर्विकास के लिए 16 करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है जिसमे स्टेशन में रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया, यात्रियों की सहूलियत के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास गेट होगा साथ ही मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेंटिग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं होंगी। जिसके निर्माण की रफ्तार काफी धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते समय पर पूरा हो पाना मुश्किल लग रहा है। नये रूप में स्टेशन को देखने लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा।



#### परिसर में फैली है निर्माण सामग्री

रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग स्थल विकसित किया जाना है। यह कार्य भी धीमी गति से हो रहा है। स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर एक एवं दो में हो रहे निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। इसलिए जगह-जगह निर्माण सामग्रियों का ढेर लगा हुआ है।

# राष्ट्रीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में 20वीं बटालियन की टोली तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



असम रायफल ट्रेनिंग सेंटर दीमापुर, नागालैंड में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय पोलिस बैंड प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय स्थित 20वीं बटालियन की 23 महिला आरक्षकों की टोली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि प्रदेश का यह एक मात्र महिला बटालियन है, जो महासमुंद जिला मुख्यालय में (भारत रक्षित वाहिनी) छसबल 20वीं बटालिनय के नाम पर है। इन टोली ने अपने बैंड का नाम बैगपाइपर टीम रखा है। महिला आरक्षकों की इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ पुलिस का राष्ट्रीय स्तर पर डंका बजाया है। बता दें कि इससे पूर्व साल 2023 में गुजरात में आयोजित 24वें आल इंडिया बैंड प्रतियोगिता में टीम ने बेहरत प्रदर्शन तो किया था, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप सफलता न मिलने पर बैगपाइपर टीम ने और बेहतर करने के प्रयास में कड़ी मेहनत की और इस साल तीसरा स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता का 16 से 22 नवंबर तक की गयी थी। इसमें महासमुंद 20वीं बटालियन के महिलाओं आरक्षकों की 23 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था। जिनका नेतृत्व महिला आरक्षक सोनवती ठाकुर ने किया। इनके साथ 22 महिला आरक्षकों आसमती मरकाम, रामवती हुर्रा, मनीता मरकाम, जयबती शोरी, ममता शोरी, फरिश्ता कुमेटी, सुशिंता मंडावी, जमुना मरकाम, रामबती नेताम, धात्री ठाकुर, उमा भारती, चमेली भेड़िया, चंद्रप्रभा सेन, फगनी सलाम, बसंती दरों, रेणुका चौहान, गणेशा पद्माकर, फगनी जुरी, सरस्वती नाग ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया।

# सीजीपीएससी की परीक्षा में जिले से दो चयनित



### नंदनी को राज्य में पांचवां, अभिषेक को 22वां रेंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले के दो होनहार परीक्षार्थियों ने न ही सफलता हासिल की, जबकि एक ने राज्य में 5वां रैंक हासिल किया तो दूसरे ने 22 वां रेंक।

बसना के ग्राम बड़े साजापाली निवासी नंदनी साहू छग लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी में राज्य में 5वां रैंक हासिल कर टॉपर बनीं। नंदनी का यह दूसरा प्रयास था। परीक्षा में 5वां रैंक हासिल करने के साथ ही वह डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। इससे पहले उन्होंने पहले प्रयास में 182वां रैंक हासिल किया था। नंदनी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई। स्नातक की पढ़ाई कम्प्यूटर साइंस में पं रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से पूरी की। वे अपनी सफलता का श्रेय मां रामप्यारी साहू व पिता स्व. मेघनाथ साहू के साथ ग्रामवासियों को दिया है। वहीं छग लोक सेवा आयोग द्वारा ही आयोजित सीजीपीएससी में बेलसोंडा निवासी अभिषेक चंद्राकर का चयन हुआ है। उन्होंने लगातार तीसरी बार मुख्य परीक्षा पास कर 22वां रैंक प्राप्त किया हैं। अभिषेक के पिता मूलतः किसान भूषण चंद्राकर और मां मंजू चंद्राकर गृहिणी हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए बताया कि वे शुरू से ही उनकी हौसला अफजाई करते थे। जिसके कारण वह अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफलता हासिल की। अभिषेक 2018 में इलेक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग भिलाई से करने के बाद पीएससी की तैयारी करने बिलासपुर चले गए थे।

# महिलाओं से संबधित अपराधों के बारे में दी गई विस्तार से जानकारी

### कन्या छात्रावास का विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मचेवा स्थित मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों से संबंधित जानकारी दी। साथ ही उत्सुक छात्रों के पूछे जाने वाली प्रश्नों का भी जवाब दिया।

शिविर में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भतपहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005 यह कानून महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया है। इसी प्रकार दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 बनाया गया है। यह कानून दहेज के कारण होने वाली हिंसक के रोकने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा यौन उत्पीड़न अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला आरक्षण विधेयक 2019 तथा महिला सशक्तिकरण नीति तथा यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है। गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। ताकि, सबको न्याय मिल सक। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 के तहत राज्य का यह उत्तरदायित्व है कि वहां सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करें। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गय। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उसके तहत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत उसे राज्य के हर जिला तथा तालुका स्तर पर समिति का गठन किया गया है, इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य का रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवा प्रदान करना आना होता है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने दी है।




# सुविधा बनी किसानों के गले की फांस, सर्वर एवं एप में समस्या से टोकन काटने में आ रही दिक्कत

**महासमुंद।** समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानों को समितियों के चक्कर से बचाने टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप की सुविधा दी गई है। लेकिन, सर्वर डाउन होने और एप में तकनीकी समस्या के कारण जिले के किसानों को टोकन काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि किसान टोकन एप में टोकन कटना सुबह 9.30 बजे शुरू होता है। प्रारंभ में एप खुलता ही नहीं और अगर कनेक्ट होता भी है तो कुछ ही क्षणों में खरीदी की सीमा समाप्त होने का संदेश आता है। खरीदी की लिमिट के कारण इस एप से टोकन किसानों के हाथों तक नहीं पहुंच रहा है। अधिकांश टोकन मोबाइल एप से जारी किए जा रहे हैं। शासन द्वारा देरी से धान की खरीदी शुरू करने के कारण टोकन के लिए होड़ मच रही है। जिससे खरीदी केंद्रों की लिमिट जल्दी खत्म हो जा रही है और बचे हुए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से किसानों को धान की कटाई-मिंजाई छोड़कर समितियों के चक्कर लगाना पड़ रहा है। वहीं अधिकतर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले किसान के पास एंड्रायड फोन होने के बाद भी उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की समझ नहीं होने की वजह से टोकन कटवाने के लिए च्वाइस सेंटरों के चक्कर लगाना पड़ रहा है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### आशियाना वृद्धाश्रम में मनोसामाजिक परामर्श शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया, डीपीएम नीलू घृतलहरे, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से स्थानीय आशियाना वृद्धाश्रम ओल्ड एज होम में मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। यहां 24 वृद्धजन खुशियां बांट कर आपस में मस्त है। सभी वृद्धजनों को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। नशे की लत हर हाल में छोड़ने का सलाह दिया। ठंड के मौसम में अपने देखभाल के साथ तनाव को कम करने के लिए मनोरंजन का सहारा लेने, योगा व ध्यान करने प्रेरित किया। इस अवसर मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### प्रायोगिक परीक्षा 5 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीसीए एवं बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा लैब 2 ऑपरेटिंग सिस्टम विद लाइनेक्स का परीक्षा 5 दिसंबर 2024 सुबह प्रातः 8 बजे होगी। समस्त छात्र-छात्राओं को अपना प्रयोग फाइल के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक हुई



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी महासमुंद का जिला स्तरीय कार्यकारिणी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें चारों विधानसभा के कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। आने वाले नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत के चुनाव में प्रत्याशियों का चयन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पार्टी द्वारा ग्रुप बनाया गया है। बाद जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव किया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा दिसंबर माह में पूरा कार्य का आश्वासन दिया। साथ ही आप का जिला कार्यालय का उद्घाटन एफसीआई रोड में किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश झाबक, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव, उपाध्यक्ष भोलाराम निषाद, पुनाराम निषाद, हेमलाल यादव, कोमल ध्रुव, रतन निषाद, ऋषभ जैन प्रवक्ता अशोक सोनी, जिला महिला अध्यक्ष मेघा चंद्राकर, बेनीराम हरदेव, जागेश्वर साहू आदि मौजूद रहे।

### लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**महासमुंद।** विकासखण्ड बसना के ग्राम बाउलीघुटकरी में 44.26 लाख रुपए की लागत से लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण कार्य के तहत भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम ओपी चौधरी पूर्व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक महासमुंद, टिकेलाल साव सांसद प्रतिनिधि महासमुंद, विद्याचरण चौधरी, सीताराम ठाकुर, सरपंच मनोहर बिंझवार एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भीमराव घोड़ेसवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिलीप सिंह दीवान, सर्वेयर यशवंत ठाकुर उपस्थित थे। भूमिपूजन के साथ ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ हुआ, जो क्षेत्र के कृषकों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराएगा। लघुत्तम सिंचाई तालाब के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को जल संरक्षण में मदद मिलेगी, और कृषि उत्पादकता में सुधार होगा।

## धान खरीदी : अभी भी खेतों में धान कटाई का काम जारी

# समर्थन मूल्य पर खरीदी में आई तेजी, धान का उठाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



**सरायपाली व तोरेसिंहा शाखा अंतर्गत विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में सवा लाख क्विंटल धान की खरीदी**

शासन द्वारा विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। पिछले सात दिनों के खरीदी के आंकड़ों को देखा जाये तो अभी तक सरायपाली एवं तोरेसिंहा शाखा अंतर्गत खरीदी केंद्रों में कुल 1 लाख 24 हजार 647 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। वहीं इन सबके बीच अभी तक कई खेतों की धान कटाई भी पूरी नहीं पाई है। विकासखंड में 26 समितियों के माध्यम से 33 केंद्रों में धान खरीदी हो रही है। अभी प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है। पहले 7 दिनों के धान खरीदी के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा सरायपाली अंतर्गत अमरकोट में 2151.20 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। वहीं जम्हारी में 625.60, आंवलाचक्का में 8.0, बहेरापाली में 4.40, नवरंगपुर में 4253.60, बाराडोली में 1926.40, बोंदा में 3422.40, केदुवां में 1947.60, नवागढ़ में 4867.20, सरायपाली में 7603.20, कनकेवा में 3492, केन्दुढार में 41.60, भोथलडीह में 2987.60, लिमगांव में 1364.80, पुटका में 2776, लांती में 2841.60, चिवराकुटा में 3274, सिंगबहाल में 4651.60, सागरपाली में 4073.60, रूढ़ा में 2784.80, तिहारीपाली में 2355.20 एवं मल्दामाल में 5408 क्विंटल कुल 63366.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इसी तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा तोरेसिंहा अंतर्गत केना उपार्जन केंद्र में 4356 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। वहीं बलौदा में 3330.40, तोषगांव में 3172.80, केजुवां में 5643.20, तोरेसिंहा में 8203.20, सेमलिया में 6380, टेमरी में 4335.20, जोगनीपाली में 10770.40, जंगलबेड़ा में 4337.60, बेलमुंडी में 6865.60 एवं सिरबोड़ा में 3885.60 क्विंटल, कुल 61280 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। अभी तक इन सभी केंद्रों से धान का उठाव शुरू नहीं हुआ है।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के धरनास्थल पर पहुंचे खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ का इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन जारी है। समर्थन देने के लिए पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव बागबाहरा के धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़तालरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके हड़ताल का समर्थन किया।

इस दौरान नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने विधायक यादव के नाम विधानसभा में तारांकित / अतारांकित प्रश्न उठाने के लिए निवेदन पत्र भी सौंपा। विधायक यादव को सौंपे गए पत्र में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन ने मोदी की गारंटी योजना छत्तीसगढ़-23 के चुनावी घोषणा पत्र का अवलोकन के लिए करते हुए बताया कि घोषणा पत्र के कंडिका कमांक 29 व 30 में वर्तमान शासन द्वारा घोषणा किया गया था कि शासकीय कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान किया जाएगा। किंतु, खेद का विषय है कि नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को 2 से 3 माह व्यतीत हो जाने के पश्चात वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके लिए उन्होंने अनेक प्रश्न उठाने मांग की है। इसमें वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़-23 के चुनावी घोषणा के कंडिका क-29 के अनुरूप क्या नगरीय निकायों के कर्मचारियों को क समय पर वेतन भुगतान किया जा रहा है? वर्तमान में नगरीय निकायों में वेतन भुगतान की स्थिति क्या है? क्या किसी नगरीय निकायों में वेतन भुगतान लंबित है, वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़-23 के अनुरूप नगरीय ख निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू किया गया है? क्या मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़-23 के अनुरूप नगरीय निकायों के कर्मचारियों ग को 7वें वेतनमान अनुसार एरियर राशि का भुगतान की जा चुकी है। इस अवसर पर मनोहर ठाकुर, ताम्रध्वज बघेल, शहजान पाशा, मीता यादव, आशाराम बांधे, रामकुमार ठाकुर, लोकेश दीवान, मिथुन अमीर, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित रहे।

# दुलारपाली स्कूल के छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**सरायपाली।** शाउमावि दुलारपाली के प्राचार्य प्रेमानंद भोई के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के तहत राजीव लोचन मंदिर राजिम, कुलेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मण झूला, चंपारण स्थित महाप्रभु वल्लभाचार्य प्राकट्य स्थल, विशाल गौशाला, रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन, श्रीराम मंदिर का दर्शन कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को सार्थक बनाने के लिए शिक्षकों को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया था। पुरातत्विक और ऐतिहासिक जानकारी रोहित साहू, भौगोलिक जानकारी शरद बाघ, सुशांत प्रधान विज्ञान, संस्कृति सभ्यता टेकलाल पटेल, यात्रा प्रभारी दुबेलाल पोर्ते, ममता पोर्ते एवं अहिल्या नायक, भोजन व्यवस्था आर डी निषाद, राकेश प्रधान, हाराधान चौधरी, सीएस विशाल, देवकुमार ध्रुव, डीएल खटकर और सुशांत प्रधान उपस्थित प्रभारी बनाये गये थे। जो बच्चों के प्रश्नों के जवाब देकर उनके जिज्ञासा को शांत करते रहे। प्राचीन मंदिर राजिम व चंपारण की कलाकृति, पुरखौती मुक्तांगन में बिखरी छत्तीसगढ़ की पावन संस्कृति को देख बच्चे आनंदित हुए।अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने के लिए यात्रा करते समय बस में भजन कविता अंताक्षरी का आयोजन किया गया। नदी घाटी, प्रवाह प्रणाली, वृक्षों के महत्व, पशुपालन का महत्व, महानदी और उसके तट पर होने वाले कृषि कार्य, नदियों का भारतीय संस्कृति में महत्व का अवलोकन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। राम मंदिर रायपुर में समवेत स्वर में भजन का गायन किया। पर्यटन प्रभारी केके नायक ने बताया कि इस तरह के पर्यटन से व्यक्तित्व का विकास होता है नई-नई जानकारियां प्राप्त होती है और छात्र शिक्षकों के मध्य अपनत्व में वृद्धि होती है। भ्रमण से लौटने के बाद शाला नायक खुशी साहू, सांस्कृतिक सचिव टेशू साहू, परी वैष्णव, कामिनी साहू, दिनेश रात्रे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू, सरपंच जयनंद साहू, पंचगण दुलारपाली एवं पालक समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राचार्य ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### आत्मानंद के शिक्षक ने छात्र से मारपीट मामले की अब तक नहीं हुई जांच

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पदस्थ शिक्षक द्वारा छात्र से लगभग 20 दिन पहले मारपीट की घटना प्रकाश में आई थी। जिसकी अब तक कोई जांच कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित छात्र की मां ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मुलाकात कर घटना की जानकारी विस्तार दी गई। इस संबंध में पीड़ित छात्र की मां संगीता पंडा ने बताया कि मेरा पुत्र आरुष पंडा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सरायपाली में कक्षा तीसरी में अध्यनरत है। पदस्थ शिक्षक शोभाराम भोई ने 11 नवंबर को मेरे पुत्र को बेवजह बाल खींचकर पिटाई की। उक्त घटना की लिखित शिकायत मैंने तत्काल प्राचार्य से की तथा पावती मांगा तो उन्होंने पावती देने से यह कहकर इनकार किया कि वे अपने स्टाफ के खिलाफ पावती नहीं देंगे। मैंने इस घटना की शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी की। घटना को आज 20 दिन से अधिक हो चुका है। किंतु, आज तक दोषी शिक्षक के खिलाफ कोई भी जांच या कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विभाग के अधिकारी दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहे हैं। श्रीमती पंडा ने आगे कहा कि चूंकि मैं अकेली महिला हूं, इसलिए मेरे पुत्र के साथ हुई घटना को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इतना ही नहीं शिक्षकों द्वारा मेरे विरुद्ध षडयंत्र कर जबरन फंसाने की बातें भी सुनने में आ रही है।

# विधायक योगेश्वर ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों से की भेंट मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बुधवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सिरपुर-मरौद और जलकी के धान खरीदी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी की स्थिति व किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही किसानों के साथ भेंट मुलाकात कर उनसे चर्चा की। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के बाद से ही विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा क्षेत्र के अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को सिरपुर-मरौद और जलकी के धान खरीदी केंद्र पहुंचे। सिरपुर-मरौद में धान खरीदी केंद्र में हो रहे निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। किसानों ने भी विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। विधायक ने उनकी बातें सुनी और समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वासन भी दिया।

इस दौरान भाजपा तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, घनश्याम ध्रुव, होरीलाल पटेल, पोखन ढीढी, गोल्डी साहू, बाबूलाल ध्रुव, गोपी ध्रुव, लाला निषाद, दुलरवा धीवर, दिलीप ध्रुव, सुखी हिरवानी, डॉ सोहन साहू, चैतराम ध्रुव, भगत ध्रुव, दऊवा निषाद, मनोहर ध्रुव, तुलसी कोसले, लक्की टावरी सहित किसान उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भाई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के निर्देशन में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इसके पूर्व यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने संविधान सभा द्वारा बनाए गए संविधान के निर्माण के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया तथा संविधान के 75 वर्ष में होने वाले विविध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य डॉ.संध्या भोई ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वचन कराया। पश्चात महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल ने अपने आशीष वचन में विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना रखने तथा संविधान के आदर्श और सिद्धांत को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। जीवन में सतत परिश्रम और धैर्य से सफलता अर्जित किया जा सकता है। इसके पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. झरना साव ने संविधान एवं संविधान वाद के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किया, संविधानवाद के होने से ही संविधान में लिखित कानून और अनुच्छेद का महत्व बढ़ जाता है। इसी के कारण कोई भी राजनीतिक दल संविधान के किसी भी कानून का अपने राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग नहीं कर सकता। विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार जगत सहायक प्राध्यापक ने संविधान सभा के ऐतिहासिक बातों को लेकर संविधान सभा द्वारा किए गए कार्य तथा संविधान के लागू होने की तिथियां का विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। कोलंबस एक पुर्तगाली नाविक जो भारत की यात्रा पर आकर रानी के आज्ञा पत्र के माध्यम से भारतीय सम्राट से व्यापार की अनुमति मांगी। उसके पश्चात यूरोपीय देशों का भारत में व्यापार में एकाधिकार स्थापित कर लंबे समय तक शासन किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति के पश्चात देश में राष्ट्रीय आंदोलन के प्रति एक जोश और जुनून का वातावरण निर्मित हुआ।भारतीयों के मन में संविधान के प्रति अपनी मांगों को अंग्रेजी शासन के समक्ष बहुत ही पुरजोर तरीके से रखते थे, परिणाम स्वरुप अंग्रेजों ने भारतीयों के मांगो को स्वीकार कर कैबिनेट मिशन को भारत भेज कर संविधान सभा का विधिवत निर्वाचन प्रारंभ हुआ । भारतीयों को स्वतंत्रता के पूर्व संविधान की आवश्यकता थी जिसके फलस्वरुप संविधान सभा का गठन हुआ और देश के स्वतंत्र होने के बाद संविधान निर्माण की प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रही। डॉ भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में प्रारूप समिति के माध्यम से कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद हमारे देश का संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और संविधान प्रारूप समिति में किए गए कार्यों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की, डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा ही समाज के कमजोर एवं वंचित लोगों के लिए ही आर्थिक और सामाजिक समानता को दूर करने के लिए संविधान में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। जब तक समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता की भावना बराबरी का दर्जा प्राप्त नहीं होता है, हमारा देश सशक्त एवं मजबूत नहीं हो सकता। प्रत्येक भारतीय समुदाय को संविधान के अधिकार और कर्तव्यों का ज्ञान होना चाहिए, संविधान से ही व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र का सर्वांगीय विकास हो सकता है। पश्चात पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम खुश्बू और भूमिसुता रहे तथा पोस्टर प्रतियोगिता में भी डॉ.भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम चांदनी साव, द्वितीय सरोज निषाद एवं तृतीय स्थान अन्नू चौहान प्राप्त किया। संचालन राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष नीरज कुमार निषाद एवं आभार प्रदर्शन राजनीति विज्ञान परिषद की सदस्य प्रियंका जाटवार ने किया।




### विधायक की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता से लाभान्वित हुए हितग्राही

**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री द्वारा विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत दो मरीजों के ईलाज के लिए राशि स्वीकृत की गई है। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रतिदिन जनदर्शन के माध्यम से क्षेत्र की जनता से भेंट मुलाकात करते हैं। कुछ दिन पहले कल्पना राजपूत के परिजन उनके उपचार के लिए सहायता राशि के लिए जनदर्शन के दौरान विधायक सिन्हा से मिले। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, जिसके कारण इलाज कराने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बाद विधायक ने सहायता राशि के लिए अनुशंसा करते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राशि प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। जिसके बाद कल्पना राजपूत के इलाज के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 5 लाख 28 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार निर्मल निषाद के परिजन भी विधायक के पास ईलाज के लिए आर्थिक सहायता के संबंध में मिलने पहुंचे। इनके लिए भी विधायक ने अनुशंसा किया और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता के तहत 3 लाख 60 हजार 400 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार में गरीब परिवारों को अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 2 मरीजों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री द्वार राशि स्वीकृत की गई है।

## बौद्धिक सत्र में सहकारिता कृषि एवं आजीविका विषय पर चर्चा

# आजीविका के चार मंत्र शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं कौशलः सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर द्वितीय दिवस 29 नवंबर को सभी गठित दलों को कार्य विभाजन किया गया। जिसमें परियोजना कार्य के अंतर्गत शिविरार्थी स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल पर परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं परिसर को समतलीकरण किया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत अस्थाई सोख्ता गड्ढे का निर्माण कर पानी निकासी के लिए नाली बनाया गया। शिविरार्थियों स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम भलेसर एवं आश्रित ग्राम नवापारा में ग्राम संपर्क अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन एवं जनजागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्नान एवं भोजन पश्चात द्वितीय दिवस के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि सुरेश शुक्ला समाजसेवक, नूतेश सिन्हा पंच भलेसर, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी, प्रकाशमणि साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारी एवं अविनाश चौहान जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य मंचस्थ रहे।




डॉ सुरेश शुक्ला द्वारा सहकारिता कृषि एवं आजीविका विषय पर शिवरार्थियों को विस्तार से उदाहरण सहित समझाया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि कृषि एवं व्यवसाय एवं आजीविका को समझाते हुए एनडीपीएस के बारे में विस्तृत जानकारी बताया गया। आप जिस विषय में पारंगत है उसी विषय पर आगे बढ़कर स्व रोजगार स्थापित कर सकते है। कृषि के क्षेत्र में आजीविका का साधन एवं रोजगार की संभावनाएं बहुत अधिक है। लेकिन, वर्तमान समय में इससे सभी पिछड़ रहे है। सहकारिता का अर्थ सह एवं कार्य इसका अर्थ यह है कि साथ में मिलकर किया कार्य होता है, घरों का बसना भी सहकारिता का उदाहरण है। शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं कौशल का तालमेल हो। ताकि, किसी भी ऊंचाइयों को छू सके। आजीविका का अर्थ रोज़गार से जोड़ना है। एनजीओ के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। डिग्री खरीदी जा सकती है, अनुभव नहीं। अनुभव कार्य करने से ही मिलेगा। पश्चात सुरेश शुक्ला द्वारा शिविर उद्घाटन का पत्रिका नईपहल का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक सहित सभी शिवरार्थी उपस्थित रहे। बौद्धिक सत्र में राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन दल नायक श्रद्धा तिवारी ने किया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परीक्षा प्रणाली पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करूणा दुबे के निर्देशन में विज्ञान की छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परीक्षा प्रणाली पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. करूणा दुबे ने परीक्षा की अनिवार्यता, महत्व एवं नवीन पाठ्यक्रम के परीक्षा प्रणाली पर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय से विज्ञान संकाय प्रभारी एवं संयोजक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 डा. ईपी चेलक ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छत्तीसगढ़ शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त परीक्षा प्रणाली के संबंध में डिसिप्लीन स्पेसिफिक कोर्स, वैल्यू एडिसन कोर्स, जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स, एबिलिटि इन्हेंसमेंट कोर्स की क्रेडिट एवं परीक्षा प्रणाली के तहत प्रत्येक विषय में आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत दो यूनिट परीक्षा एवं एक असाईनमेंट तैयार कर जमा करना है। साथ ही प्रायोगिक विषय के लिए यूनिट परीक्षा एवं असाईमेंट बनाकर जमा करने की जानकारी दी। लिखित सेमेंस्टर परीक्षा के तहत विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार विषयवार परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। इस परीक्षा में डिसिप्लीन स्पेसिफिक कोर्स एवं अन्य विषय के लिए प्रश्न पत्र को दो सेक्सन ए और बी में बांटा गया है। जिसके अंतर्गत आब्जेक्टिव प्रश्न, सार्ट आनसर टाइप प्रश्न और लाग प्रश्न प्रत्येक यूनिट से दो प्रश्न अथवा के साथ पूछे जाएंगे। इसकी जानकारी दी गई। साथ ही पुनः पीपीटी के माध्यम से उपरोक्त परीक्षा प्रणाली के संबंध में उत्तर पुस्तिका पर कैसे उत्तर लिखे एवं इस संबंध में पूर्व सत्र के हल किए हुए उत्तर पुस्तिका को प्रदर्शन कर वृहत मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब एवं शंका-समाधान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र प्रदीप कन्हेर ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र प्रो. मनीराम धीवर, प्रो. जगदीश सत्यम, प्रो. प्रियंका सोनवानी, अतिथि व्याख्याता नम्रता तंबोली, गौरव सोनी, आशिष बेरा, राजलक्ष्मी साहू रितेश्वरी सेन, प्रकाशमणि साहू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### छिपियापारा में चोपड़ा ने वार्डवासियों से की चर्चा

**महासमुंद**। बीते शुक्रवार की सुबह पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने शहर के छिपियापारा वार्ड के कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों से मुलाकात कर चर्चा की और चल रहे रोड निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। बता दें कि छिपियापारा वार्ड में रोड निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसका औचक निरीक्षण करने डॉ. चोपड़ा पहुंचे। साथ ही वार्डवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की गई। रोड निर्माण के संबंध में बातचीत कर वार्ड की साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में आवागमन के लिए बन रहे नए रास्ते पर रोड निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि नए रास्ते के बन जाने के बाद लोगों को स्वास्थ्य केंद्र तक आने जाने में सुविधा होगी। इस दौरान डॉ. चोपड़ा के साथ पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा नेता महेंद्र सिका, भाजपा कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित थे।

### छात्रों को दी गई गैस सुरक्षा संबंधी जानकारी

**सरायपाली**। शासकीय हाई स्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला रोहिना के छात्रों को एक गैस एजेंसी द्वारा गैस सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। छात्रों को गैस सुरक्षा संबंधित पांच मंत्र बताए गए। जिनमें चूल्हे को हमेशा सिलेंडर के ऊपर रखना, डिलीवरी के समय सील पैक सिलेंडर ही लेना, सुरक्षा पाइप को समय-समय पर बदलना, आग लगने पर बुझाने के उपाय की जानकारी दी गई। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि खाना बनाने के लिए पहले जलाऊ लकड़ी का उपयोग करने से महिलाएं धुंआ से परेशान रहती थी तथा आंखों में जलन की शिकायत होती थी। अब उससे मुक्ति मिली है। पइस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, व्याख्याता केके साहू, प्रधान पाठक एवं समन्वयक टीआर पटेल, शिक्षक एके पटेल, एसके पटेल, महावीर भोई, कैलाश कमार, एसआर साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा आदि उपस्थित थे।

# आत्मानुशासन ही सफलता की सीढ़ी है : करीम

## शिविर के तृतीय दिवस सिकल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर में आयोजित है। शिविर के तृतीय दिवस 30 नवंबर को प्रातः 10 बजे से स्वास्थ्य विभाग जिला चिकित्सालय महासमुंद द्वारा स्वास्थ्य एवं सिकल सेल परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 95 शिविरार्थी स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य व सिकल सेल परीक्षण किया गया। जिसमें 10 स्वयंसेवक पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में शिविरार्थियों के हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर व शुगर की भी जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के लिए जिला चिकित्सालय से डॉ विकास चौहान, डॉ सुजाता शुक्ला, चंद्रकला साहू, सुरेखा साहू, रोशन वैष्णव, नूतन मानिकपुरी, खिलेश्वर कन्नौजे उपस्थित रहे। स्वास्थ शिविर के उपरांत पिरामल फाउंडेशन के श्री विकास राव एवं मजीद अहमद द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत ड्रीफकेस आभा एप्लीकेशन के पंजीकरण व उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। आज परियोजना कार्य के अंतर्गत शिवरार्थियों द्वारा बंजर एवं कंटीली झाड़ियों युक्त भूमि को साफ एवं समतलीकरण कर खेल मैदान बनाया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. ए करीम पूर्व कार्यक्रम समन्वयक गुरु घासीदास विश्विद्यालय बिलासपुर रहे। साथ ही दीपक दुबे रासेयो लक्ष्यदूत समिति, अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी एवं अविनाश चौहान जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य मंचस्थ रहे। बौद्धिक सत्र में डॉ. करीम द्वारा रासेयो के नियमित गतिविधियों व रासेयो शिविरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवक में आत्मानुशासन की भावना विकसित होती है और आत्मानुशासन ही सफलता की सीढ़ी है। राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेकर स्वयंसेवक अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है। शिविर बहुआयामी शिविर हो इसके लिए मैं नहीं तुम की भावना से कार्य करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि जो चुनौतियां स्वीकार करता है उसे ही सफलता मिलती है। दीपक दुबे ने कहा कि व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने में अपने ज्ञान का उपयोग करें। समूह-जीवन और जिम्मेदारियों के बंटवारे के लिए आवश्यक क्षमता विकसित करना समुदाय की भागीदारी जुटाने में लाभ कौशल प्राप्त करना एवं नेतृत्व के गुण और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण प्राप्त करना सिखाता है एनएसएस। उन्होंने अपने मोटिवेशनल स्पीच में कैरियर सवारने के बारे में अभी से विचार करने का निवेदन किया। बौद्धिक सत्र में स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी द्वारा किया गया। पश्चात डॉ. ए करीम द्वारा रासेयो देशी खेल का आयोजन कर स्वयंसेवकों को उसके नियम से अवगत कराया गया। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शिवरार्थियों द्वारा छग की संस्कृति पर आधारित नीतियां प्रस्तुत किया गया। संचालन दलनायक राजेश्वर देवांगन ने किया।

# सात दिवसीय शिविर में 50 स्वयंसेवकों की हुई स्वास्थ्य जांच




**सरायपाली**। डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई द्वारा कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खपरीडीह में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ बाबूलाल सिदार सरपंच ग्राम पंचायत देवलभाठा खपरीडीह के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. किशोर कुमार तिवारी प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के टीम सुरेश पटेल हेल्थ सुपरवाइजर सेक्टर तोषगांव, त्रिलोक पांडेय, एम कलेत व पूजा भोई द्वारा 50 स्वयंसेवकों की सिकल सेल, हीमोग्लोबिन, एचआईवी की जांच की गई। सुरेश पटेल द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राध्यापक अनिता पटेल, गजानंद नायक, अंजेला लकड़ा, प्रेरणा प्रधान, सुरेंद्र कुमार भोई प्रधान पाठक शास उच्च प्राथमिक शाला खपरीडीह, निर्मल पुरोहित प्रधान पाठक प्राथमिक शाला खपरीडीह, गोमती नायक सचिव, साधुराम ओगरे अध्यक्ष शाला विकास समिति शास उच्च प्राथमिक शाला खपरीडीह, नारायण पटेल अध्यक्ष शाला विकास समिति शास प्राथमिक शाला खपरीडीह, नेहरूलाल चौधरी, लक्ष्मी नायक, अनिल कुमार, चरण सिंह, गीतांजलि भोई, गोवर्धन नायक, पद्मलोचन जाल आदि उपस्थित रहे।

# गरीब परिवार की नवजात पलक को मिला नया जीवन

**महासमुंद**। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से देश के गरीब और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के तहत भारत सरकार देश के गरीब लोगों को सालाना 5 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान करती है। आयुष्मान भारत योजना की मदद से उन लोगों को फायदा मिलता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं पर आने वाले खर्चे का वहन नहीं कर पाते। इस योजना के तहत पात्र व्यक्तियों का एक कार्ड बनता है, जिसके अंतर्गत वे अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। जिले के नागरिकों को भी आयुष्मान भारत योजना का निःशुल्क लाभ मिल रहा है। आयुष्मान योजना से बेलसोंडा निवासी प्रकाश यादव और उनके परिवार के लिए आयुष्मान भारत योजना किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। इस योजना ने न केवल उनकी नवजात बच्ची पलक की जान बचाई बल्कि उन्हें आर्थिक संकट से भी उबारा। प्रकाश यादव की बेटी का जन्म 14 सितंबर 2023 को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में हुआ। बच्ची का जन्म समय से पहले हुआ था, जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। डॉक्टरों ने तुरंत गहन चिकित्सा की सलाह दी। बच्ची को रायपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसे नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया। इलाज लंबा चला, लगभग 45 दिनों तक, और इसका कुल खर्च 2.75 लाख रुपये तक पहुंच गया। प्रकाश यादव गरीब परिवार से हैं और कृषि मजदूरी पर निर्भर हैं उनके लिए इतनी बड़ी राशि जुटाना नामुमकिन था। यही वह समय था जब आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने उनका सहारा बनकर उनकी मदद की। पात्र होने से योजना के तहत उन्हें बच्ची का पूरा इलाज मुफ्त में उपलब्ध हुआ। प्रकाश ने अपनी बच्ची पलक को नई जिंदगी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा आयुष्मान भारत योजना के बिना मेरी बच्ची का इलाज संभव नहीं था। इस योजना ने हमें जीवनदान दिया है। मैं प्रधानमंत्री जी और छत्तीसगढ़ सरकार का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने गरीब परिवारों के लिए इतनी बड़ी सुविधा दी है। आयुष्मान भारत योजना की सफलता और इसके दूरगामी प्रभावों का प्रमाण है।

# धर्मपत्नी वह है जो विपरीत परिस्थितियों में अपने पति की सेवा करे : पंकज

**महासमुंद**। स्थानीय लालवानी गली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा महापुराण में च्यवन ऋषि, देवलोक के चिकित्सक अश्वनी कुमार और राजकुमारी सुकन्या की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए व्यास पीठ से पं. पंकज तिवारी ने कहा कि जो पत्नी अपने पति की सेवा विपरीत परिस्थिति में मन, वचन, कर्म से सेवा करती है उसे धर्मपत्नी कहते हैं। राजकुमारी सुकन्या ने भी अपने पति दृष्टिहीन वृद्ध ऋषि च्यवन की सेवा करती रही। जिसके कारण देवलोक के चिकित्सक अश्विनी कुमारों ने ऋषि च्यवन को न केवल नेत्र ज्योति प्रदान की बल्कि उसे यौवन अवस्था भी प्रदान किया। लालवानी गली दुर्गा मंदिर के सामने शकुन निषाद और भुवन निषाद परिवार द्वारा कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें नरेश दमयंतीन निषाद परीक्षित के रूप में कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा प्रसंग में महाराज जी ने बताया कि एक समय राजा सरयाती की पुत्री सुकन्या वन में विचरण कर रही थी और दीमक के बिम्ब से दिव्य प्रकाश देख उसके मन में कौतूहल जागृत हुई और वह दिव्य ज्योति में लकड़ी से प्रहार किया जिससे तपस्यारत ऋषि च्यवन की नेत्र ज्योति चली गई। वहां ऋषि वर्षों तक तपस्या में लीन थे, तपस्या अवस्था में ही उनके पूरे शरीर पर दीमक चढ़ गया था। पीड़ा से ऋषि चिल्लाए, जिससे राजकुमारी को अपने अपराध का बोध हुआ और अपनी पिता से कहा कि उनसे जो भूल हुई है उसका प्रायश्चित करना चाहती है। सुकन्या के कहने पर राजा ने ऋषि के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के बाद से मन, कर्म, वचन से सुकन्या ऋषि की सेवा करने लगी। एक समय भ्रमण करते हुए देवलोक से अश्विनी कुमार वहां पहुंचे और राजकुमारी सुकन्या को देखकर उनसे कहा कि इस घनघोर जंगल में तुम क्यों विचरण कर रही हो। हमारा वरन करो और देवलोक चलो। इस पर राजकुमारी ने बताया कि वह महान तपस्वी ऋषि च्यवन की धर्मपत्नी है और किसी दूसरे पुरुष का मन में विचार करना भी उसके लिए पाप है। उनके पतिपरायण भाव से अश्वनी कुमार प्रसन्न हुए और कहा कि वह ऋषि को नेत्र ज्योति और युवावस्था प्रदान कर सकते हैं। लेकिन उनका एक शर्त है कि युवावस्था प्राप्त होने पर उसे अपने पति को पहचानना होगा। सुकन्या कहती है कि वह अपने पति से अनुमति लेकर ही कुछ करेंगी और अपने पति से अनुमति लेकर अश्वनी कुमारों की शर्त स्वीकार कर ली। किसी भी स्त्री को अपने पति के परामर्श के बिना कोई भी स्वछंद निर्णय नहीं लेना चाहिए। देवलोक के चिकित्सक अश्विनी कुमारों ने तुरंत एक दिव्य कुंड का निर्माण किया जिसमें तीनों ने स्नान किया और बाहर निकले तो तीनों का स्वरूप एक ही था। शर्त के अनुसार अब सुकन्या को पहचाना था उसका पति कौन है। इस विषम परिस्थिति में उन्होंने मां जगदंबा की आराधना करते हुए कहा उसकी सतीत्व की रक्षा करें। माता ने दिव्य ज्योति प्रदान की और वह अपने पति को पहचान गई। महाराज ने कहा कि देवताओं का शरीर बहुत ही सुकोमल होता है और उसमें हड्डियां नहीं होती। जब तीनों को सुकन्या ने देखा तो दो व्यक्ति एक टक देख रहे थे और एक की पलकें झपक रही थी।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अंबिकापुर में तीरंदाजी खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खिलाड़ियों ने 10 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया

चतुर्थ राज्य स्तरीय ईएमआरएस क्रीडा प्रतियोगिता 27 से 29 नवंबर 2024 तक पीजी कॉलेज ग्राउंड अंबिकापुर जिला सरगुजा में आयोजित किया गया। जिसमें जिले से कुल 10 तीरंदाजी खिलाड़ी कांत जगत पिता सुमित लाल जगत, चंदन सिदार पिता गोविंद राम सिदार, मनीषा ध्रुव पिता हेमंत ध्रुव, कामना ध्रुव पिता भुवनेश्वर ध्रुव, योगेश नाग पिता गंगाधर नाग, टुकेश कमार पिता परदेशी कमार, लिलिमा नाग पिता राम सिंह नाग, कुमुदनी दीवान पिता ओंकार सिंह दीवान, दिगम्बर नेताम पिता चंद्रहास नेताम व जयंत ठाकुर पिता यशवंत ठाकुर शामिल हुए। प्रतियोगिता में कांत जगत, योगेश नाग, लिलिमा नाग, कामना ध्रुव, दिगंबर नेताम, जयंत ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीता एवं चंदन सिदार, कुमुदिनी दीवान, टुकेश कमार, मनीषा ध्रुव ने रजत पदक जीतने में सफल रहे हैं। खेल विभाग द्वारा संचालित खेलों इंडिया लघु केंद्र एकलव्य आदर्श मॉडर्न आवासीय विद्यालय भोरिंग के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तीरंदाजी खेल में 6 स्वर्ण 4 रजत सहित 10 पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का नाम रौशन किया। पदक जीतने पर खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए होना है। जिसमें सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। इससे पहले संभाग स्तरीय एकलव्य विद्यालय की तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 9 अक्टूबर 2024 तक राजनांदगांव में किया गया था। जिसमें 12 तीरंदाजी खिलाड़ी शामिल होकर 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक व 2 कांस्य पदक सहित 12 पदक जीतने में सफल रहे। 10 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अंबिकापुर के लिए हुआ था। सभी ने तीरंदाजी खेल में पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, दीपक मंडावी, प्रशिक्षक हीरू राम साहू, प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, अरविंद छाबड़ा, सोमनाथ साहू, ऋषि कपूर, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन एवं अधीक्षक, व्यायाम शिक्षक गौरव शर्मा, नीलम साहू आदि ने हर्ष जताया।

# जिले में धान खरीदी में प्रगति, किसानों को मिल रहा बेहतर समर्थन मूल्य

## टोकन तुहर हाथ ऐप से किसानों की बढ़ी सहुलियत, धान खरीदी से किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद जिले में खरीफ विपणन वर्ष के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अपनी पूर्ण सरलता, सुगमता गति से चल रहा है। 27 नवंबर तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंतर्गत 182 उपार्जन केंद्रों पर धान की खरीदी की जा चुकी है। इस दौरान कुल 23,285 किसानों से 1,12,298.16 टन धान खरीदी गई, जिसका मूल्य 258 करोड़ 28 लाख 59 हजार रुपये तक पहुंच चुका है। यह धान खरीदी में किसानों को मिलने वाले बेहतर समर्थन मूल्य का स्पष्ट संकेत है।

खरीदी के दौरान 38 केंद्रों पर 3000 क्विंटल से कम और 103 केंद्रों पर 5000 क्विंटल से कम धान की खरीदी हुई, बावजूद इसके कुल खरीदी में शानदार वृद्धि देखी गई। 4517 किसानों ने स्वस्फूर्त रकबा समर्पित किया है। बारदाना की आपूर्ति भी इस बार उच्चतम स्तर पर रही। 83,96,792 नग बारदाना प्राप्त हुए हैं और 53,16,694 नग बारदाना उपार्जन केंद्रों में शेष हैं। यह दर्शाता है कि सरकार ने किसानों को बेहतर सुविधा और सुविधा प्रदान करने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। जिले में किसानों को अब धान की बिक्री में कोई कठिनाई नहीं हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा सहकारी समिति शेर में की गई बेहतर व्यवस्थाओं और टोकन तुहर हाथ ऐप की सुविधा ने किसानों के लिए धान की बिक्री को और भी सरल बना दिया है। अब किसान घर बैठे ही अपना टोकन काट सकते हैं और आसानी से धान की बिक्री कर रहे हैं। शेर धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जैसे बैठक, पेयजल, शौचालय और सीसीटीवी कैमरे सहित बायोमीट्रिक मशीन और इलेक्ट्रॉनिक तराजू की व्यवस्था। इन व्यवस्थाओं से किसान निश्चिंत होकर अपनी धान की बिक्री कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री से बच रहे हैं। यहां धान विक्रय करने पहुंचे ग्राम मोरधा के किसान लखन लाल साहू ने बताया कि उन्होंने 20 एकड़ में कृषि कार्य किया है और धान खरीदी के दौरान उन्हें कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की सराहना की और कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है। इसी तरह ग्राम मुरकी के किसान भारत राम साहू ने भी धान खरीदी केंद्र की सुविधाओं की सराहना की और बताया कि उन्होंने 10 एकड़ में कृषि किया है। धान की बिक्री के बाद 72 घंटे के भीतर उनके खाते में राशि जमा हो गई, जिसे वह बोरवेल खुदवाने और बेटे की शादी में उपयोग करेंगे। भारत राम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्णय की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए लगा चिन्हांकन शिविर

**महासमुंद**। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन और समाज कल्याण के उपसंचालक संगीता सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड सरायपाली के माधवराव सदाशिव गोवलकर हाईस्कूल में चिन्हांकन और मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। जिले में दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर योजना के तहत आज शिविर में कुल 80 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 64 को विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकित किया गया। इस दौरान चिन्हांकन किए गए उपकरणों में मोटराइज्ड ट्रायसायकल (9), ट्रायसायकल (5), एमआर किट (5), व्हीलचेयर (6), श्रवण यंत्र (7), स्मार्ट केन (6), वॉकिंग स्टिक (5), ब्रेल किट (8), कृत्रिम पैर (1) और अन्य सहायक उपकरण (12) शामिल हैं। शिविर का आयोजन जनपद पंचायत सरायपाली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार हलधर, समाज शिक्षा संगठक जयलाल भोई और पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग दिया।

# ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कृषकों में जागरूकता के लिए अर्द्धदिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) एवं ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिऐंसी, (बीईई) भारत सरकार द्वारा किसानों में ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति जागरुकता लाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में अर्द्धदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एसके वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर आधारित था।

जागरूकता कार्यक्रम में एसके वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद द्वारा कृषकों को कृषि क्षेत्र में जल की सदुपयोग, ऊर्जा और जल संरक्षण की वर्तमान स्थिति और भविष्य की सम्भावनाएं, संसाधनों के कुशल उपयोग के लिये सर्वोत्तम कृषि अध्ययन अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिये जल संरक्षण और पानी का कुशल उपयोग, प्रमाणित फाइव स्टार रेटेड पंपों के चयन, स्थापना, पंपों के कुशल संचालन, मरम्मत और रखरखाव के लिये दिशानिर्देश प्रमाणित स्टार रेटेड पम्प के लाभ एवं कृषि कार्यो में बिजली की बचत विषयों पर वक्ताओं द्वारा कृषकों को दिशा निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भीमराव घोड़ेसवार, सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी, कृषि विभाग, रविश केसरी, वैज्ञानिक (वाटर एंड स्वाईल इंजी.), गणेश प्रसाद साहू, सहायक अभियंता, क्रेडा महासमुंद, राहुल मानिकपुरी उप अभियंता, क्रेडा जिला कार्यालय महासमुंद उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि तालाब के आसपास जगह पर एक घंटा से साफ-सफाई की गई। रात को शराब की बोतल को मुक्तिधाम एवं तालाबों के पचरी में तोड़फोड़ कर रहे हैं। इससे लोगों को सुबह से नहाने में परेशानी हो रही है। मुकेश चंद्राकर ने पुलिस प्रशासन से रात्रि 11 बजे तक पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की है।



### 15 श्रमिक महिलाओं का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** अपराजिता वीं क्लब महासमुंद डिस्ट्रिक्ट 323 जी 3 द्वारा स्वसहायता समूह की 15 श्रमिक महिलाओं को साड़ी एवं श्रृंगार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयर वीं निरंजना चंद्राकर, लता चंद्राकर, ऐश्वर्या तिवारी, अध्यक्ष ममता जायसवाल, सचिव कामिनी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नीलम जायसवाल, नैनी साधना सिंह, अन्नु चंद्राकर, निर्मलता चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर सहित क्लब के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वी नैनी साधना सिंह ने किया।



### राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में छग बालक-बालिका वर्ग ने लहराया परचम

**महासमुंद।** राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक वर्ग टीम ने हरियाणा की टीम एवं छत्तीसगढ़ बालिका वर्ग ने दिल्ली की टीम को अपने खेल का जोरदार प्रदर्शन करते हुए विजय का परचम लहराया। जिला स्तरीय हैंडबॉल, राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के सोपानों पर विजय परचम लहराते हुए छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिका टीम ने राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ की टीम में बालक वर्ग में गुड शेफर्ड स्कूल को मो. मुद्दसिर एवं बालिका वर्ग में एंजेल ने भी अपनी भागीदारी दी। गुड शेफर्ड स्कूल के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे एवं गुड शेफर्ड उड़ान संस्था की संस्थापिका डॉ अनिता जार्ज रावटे ने दोनों टीमों जीत पर हर्ष जताया। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने भी हर्ष जताया।



### ईस्ट जोन विवि स्पर्धा के लिए कराते खिलाड़ियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवंबर को आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में जिला कराते संघ के 3 खिलाड़ी प्रवीण कुमार मलिक (काता), चंचल सिंह-50 किग्रा तथा देव कुमार साहू 84 किग्रा में का चयन विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी 1 दिसंबर को नार्थ ईस्ट जोन कराते प्रतियोगिता में पं.रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी कोच लालू सोनवानी के साथ चंडीगढ़ जाएंगे। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिला संघ कराते के पदाधिकारी सचिव आनंद कुमार, संदीप चौधरी, मनीष श्रीवास्तव, भोज राम विश्वकर्मा, विकास दास आदि ने हर्ष जताया है।

---

**कार्य : विभिन्न लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक**

# धान खरीदी केंद्रों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं, किसान हित में हो कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शुक्रवार को झलप- पटेवा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पटेवा, खट्टा, तोरला और झलप को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली।

सबसे पहले विधायक ग्राम पटेवा पहुंचे, जहां पहले धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किसानों से भेंट मुलाकात की। किसानों के समक्ष ही विधायक ने धान तौलकर दिखाने कहा। साथ ही समिति प्रबंधक और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। किसानों के हित में ही कार्य होना चाहिए। साथ ही उनके लिए पेयजल आदि की सुविधा भी होनी चाहिए। इस दौरान किसान गैनू यादव ने बताया कि उन्हें किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही है, जिस पर विधायक सिन्हा ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को तत्काल समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। फिर वे पटेवा में ही सीसी रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, झनक लाल साहू, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, समिति अध्यक्ष रामेश्वरी पैकरा, सुनिल पटेल, मनोहर साहू, टीकाराम पटेल, विकास अग्रवाल, राजेंद्र गंगवंशी, जयशंकर पैकरा, लीलाधर नायक, पप्पू गजेंद्र, शिव नंदे सहित किसान उपस्थित थे। इसके बाद ग्राम खट्टा में कंवर समाज भवन के लोकार्पण कार्यक्रम मं, पहुंचे। विधि विधान से भवन का लोकार्पण किया। वहीं स्कूल के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में विकास की गति तेज हो गई है। डबल इंजन सरकार के चलते राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस दौरान खेमलता पैकरा, जयशंकर पैकरा, डुमेश देवांगन, प्रेमसिंह दीवान, रविशंकर पैकरा, रामशरण दीवान, जगन्नाथ पटेल, सुनिल दीवान, गजेंद्र दीवान, दयानंद दीवान, विष्णु पटेल, कांति दीवान, गोपाल नायक, दिलीप नायक एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।



**तोरला एवं झलप में भी रहे शामिल**

इसके बाद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम तोरला पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित सीसी रोड का उद्घाटन किया। साथ ही ग्रामीणों से भेंट मुलाकात भी की। इसके बाद ग्राम झलप में सीसी रोड उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सम्मी सलूजा, किशन कोसरिया, देवा नायक, सुनिल पटेल, बलविंदर सिंह सिटू सलूजा, सागर साहू, रूपलाल पटेल, कमल कौशिक देवेंद्र राय, समीर खान, भोजराम ध्रुव, भरत ध्रुव, डोमन यादव, छविंद्र पटेल, सतीश कुर्रे, कौशिक ध्रुव, विजय साहू, महेश देवांगन, गज्जू ध्रुव, ललित पटेल, रोशन साहू, कन्हैया ध्रुव, तुलसीराम साहू, अशोक साहू, मनोज पटेल, जनक पटेल, तारा पटेल, गायत्री पटेल, त्रिवेणी, लवकुश, केवरा बाई पटेल, पद्मिनी साहू, गुड्डी चावला, परमानंद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

## धान नहीं खरीदने का षड़यंत्र कर रही राज्य सरकार: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर

- किसानों से कम धान खरीदी करना चाहती है राज्य सरकार



ने कहा कि सरकार धान नहीं खरीदने का षडयंत्र कर रही है। साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से कम धान खरीदी करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियों को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिए उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है। जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रही है। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रही है। रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सोसाइटियों में बारदाना की कमी है, इससे किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बरदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। वहीं धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। किसान घंटों खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इसे मिलाकर धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए राज्य सरकार को करना चाहिए।

---

## चंडीमाता मंदिर, भूतेश्वर नाथ मंदिर का कॉलेज के छात्रों ने किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल के संरक्षण एवं यूके बरिहा और डॉ. आरएस पटेल के नेतृत्व में महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के प्रथम चरण में घुंचापाली में स्थित देवी मां चंडीमाता का दर्शन का कराया गया तथा उससे संबंधित जानकारी को बताया गया। तत्पश्चात गरियाबंद में स्थित विश्व के सबसे बड़े शिव मंदिर भूतेश्वरनाथ का दर्शन कराया गया तथा वहां के निवासियों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। यह मंदिर का निर्माण एवं पूजा आराधना की स्थिति के बारे में पूछा गया। अंतिम चरण में छत्तीसगढ़ के गंगा के रूप में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल राजिम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां प्रत्येक वर्ष अर्धकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

महानदी के बीच में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर के बारे में दर्शन करा कर उसके ऐतिहासिक स्वरूप को बताया गया। नदी के दूसरी छोर में स्थित सातवीं शताब्दी में स्थापित भगवान राजीव लोचन के मंदिर का दर्शन कराया गया और उसके ऐतिहासिक स्वरूप के बारे में मंदिर पुजारी से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होने के साथ-साथ अपने देश के गौरवशाली अतीत को जानने का अवसर भी प्राप्त होता है, विद्यार्थी नए परिवेश में जाकर अपने राज्य के ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आरएस पटेल द्वारा इस मंदिर के निर्माण के संबंध में कल्चुरी शासन और नल वंश के शासकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक आरती साहू एवं पूजा सोनी भी छात्र-छात्राओं के साथ सम्मिलित हुए।



### नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लंबर से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पतेरापाली में नवनिर्मित राठिया कंवर समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण व वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन 1 दिसंबर रविवार सुबह 10 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि लालजीत सिंह राठिया विधायक धरमजयगढ़, अध्यक्षता चातुरी डिग्री लाल नंद विधायक सरायपाली, विशिष्ट अतिथि उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, किस्मत लाल नंद पूर्व विधायक व लीलाबाई देवकुमार सिदार सरपंच लोहडीपुर होंगे। सभी राठिया कंवर समाज फुलझर के सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला...



**महासमुंद।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी मध्य विद्यालय नयापारा में विश्व एड्स दिवस पर 30 नवंबर शनिवार बैगलेस डे के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें विद्यार्थियों की रुचि अनुरूप डांस, लेखन, कविता आदि का आयोजन किया गया। इसके अलावा मानव श्रृंखला बनाकर स्कूली छात्रों ने जागरुकता अभियान चलाया।

### भट्ठा दलाल ने कट्टा दिखा पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी



**नर्रा।** कोमाखान थाना क्षेत्र में भट्ठा दलाल द्वारा एक पत्रकार को कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत कोमाखान थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा क्षेत्र के पत्रकार दिलीप शर्मा द्वारा समाचार डिजिटल मीडिया के प्लेटफार्म पर प्रसारित किया गया था। जिससे नाराज होकर भट्ठा दलाल जगत गुप्ता द्वारा अपने लठैतों के साथ शनिवार को समाचार संकलन में निकले दिलीप शर्मा को घेर कर हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही परिवारजनों को भी धमकाया गया। जिसकी शिकायत कोमाखान खाने में दर्ज कराई गई है। वहीं पत्रकार संघ ने भट्ठा दलाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



### छग मछुआ महासंघ के प्रदेश सयुक्त सचिव बने नंद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ रायपुर के प्रदेश कमेटी एवं प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष एमआर निषाद के अनुमोदन से नंद कुमार निषाद को प्रदेश के सयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जिससे निषाद समाज महासमुंद व खट्टी परिक्षेत्र के सामाजिकजनों में हर्ष और खुशी की लहर है। सामाजिक पदाधिकारियों ने नंद कुमार निषाद को गुलाल फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष भोला राम निषाद, पूर्व अध्यक्ष सीताराम निषाद, उपाध्यक्ष संतोष कुमार निषाद, महासचिव नरेश कुमार निषाद, मदन निषाद, जगदीश निषाद आदि मौजूद रहे। अपनी नियुक्ति पर नंद कुमार निषाद ने सभी सामाजिकजनों का आभार जताते हुए अपनी पद और जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाने की बात कही।

## नशामुक्त भारत बनाने फॉर्च्यून फाउंडेशन ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नशामुक्त भारत बनाने के लिए फॉर्च्यून फाउंडेशन द्वारा ग्राम प्रेतनडीह के बाद बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बागबाहरा कला में जागरुकता रैली एवं संपर्क अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण के दिशानिर्देशानुसार किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष निरंजन साहू एवं फॉर्च्यून स्कूल के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के नेतृत्व में बागबाहराकला में नशामुक्त भारत जागरूकता रैली निकाल कर ग्राम भ्रमण किया तथा तालाब पर स्थित चौक में नुक्कड़ कार्यक्रम किया गया। निरंजन साहू ने नशामुक्त भारत अभियान के बारे में बताया तथा बीड़ी, सिगरेट, तंबाखू, शराब, गुटखा से दूर रहने प्रेरित किया। डॉ पाणिग्राही ने कहा कि नशा नाश का कारण है, इससे घर, परिवार, स्वास्थ्य, सम्मान सब कुछ बर्बाद हो जाता है। आखिरी में पछताने के सिवाय कुछ नहीं बचता। इसलिए नशे से दूर रहे। प्रधान पाठिका संगीता साहू एवं युवराज दीवान सहायक शिक्षक ने भी संबोधित कर ग्रामवासियों को नशा छोड़ने अपील की। साथ ही नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। रैली में प्राथमिक शाला बागबाहरा कला के विद्यार्थी, ग्रामवासी संजय ठाकुर, फिरंता राम निषाद, नेतराम वर्मा, लोतिल राम पटेल, अनंत राम ठाकुर, शिवनारायण पटेल आदि शामिल हुए।




---

**स्वच्छता के लिए शिक्षकों व छात्रों को दिलाई गई शपथ**

## बेमचा स्कूल में विशेष स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता के महत्व और इससे जुड़ी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। गोष्ठी में जनपद पंचायत के ब्लॉक समन्वयक नितेश प्रजापति ने अपने संबोधन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन, खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) अभियान, और स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने और जागरूकता फैलाने की अपील की। इसके बाद स्काउट मास्टर तुलेंद्र सागर ने अपने उत्साहपूर्ण और प्रेरक भाषण के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल हमारा व्यक्तिगत दायित्व नहीं है, यह एक सामूहिक प्रयास है जो हमारे समाज और देश की प्रगति का आधार बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे-छोटे कदमों, जैसे कचरे को सही स्थान पर डालना, गंदगी न फैलाना और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता किरण पटेल ने विद्यार्थियों को नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्रमुख एसएल पाटकर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का संकल्प तभी सफल होगा जब हम इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही स्वच्छता के लिए शपथ लिया गया।



स्वच्छता गोष्ठी में प्राचार्य एसएल पाटकर, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, यागेश ध्रुव, कार्यालयीन स्टॉफ से प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511